पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी | मो. 9587570001 | Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शुक्रवार 10 जुलाई 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


# ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मोदी 'गार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित

## राष्ट्रगान से गूंजा मेलबर्न, पीएम एंथनी ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**मेलबर्न,एजेंसी।**

। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भव्य तरीके से औपचारिक स्वागत किया गया। गवर्नमेंट हाउस विक्टोरिया में आयोजित समारोह में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया गया। इस दौरान भारत का राष्ट्रगान 'जन गण मन' गूंजा और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। ऑस्ट्रेलियाई सेना की टुकड़ी ने उन्हें औपचारिक सलामी दी। औपचारिक स्वागत समारोह के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन से भी मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि स्कॉट मॉरिसन से मिलना हमेशा सुखद रहता है और दोनों नेताओं के बीच भारत-ऑस्ट्रेलिया मित्रता को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हुई। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में संयुक्त रूप से भाग लिया। दोनों नेताओं ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और व्यापार, निवेश तथा आर्थिक सहयोग को नई गति देने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने फोरम में दोनों देशों के प्रमुख उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए भारत में निवेश के बढ़ते अवसरों की जानकारी दी।



सीईओ फोरम वर्ष 2012 से सक्रिय है और वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री मोदी तथा एंथनी अल्बनीज ने इसे पुनः शुरू किया था। यह मंच दोनों देशों की सरकारों को आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश बढ़ाने के संबंध में सुझाव देता है तथा विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने के लिए वर्षभर गतिविधियां संचालित करता है।

अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री अल्बनीज तीसरे वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। दोनों नेताओं के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, निवेश, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और क्षेत्रीय सहयोग सहित विभिन्न मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता होगी। प्रधानमंत्री मोदी ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले बुधवार देर रात मेलबर्न पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत किया। ठंडे मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय होटल के बाहर एकत्र हुए और 'भारत माता की जय' तथा 'मोदी-मोदी' के नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। स्थानीय कलाकारों ने भारतीय संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां भी दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय के स्नेह और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यह स्वागत उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। साथ ही उन्होंने प्रवासी भारतीयों को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत होते संबंधों का महत्वपूर्ण सेतु बताया।

# बाबा बर्फानी हुए अंतर्ध्यान फिर भी 10 हजार श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**जम्मू एजेंसी।**

। जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में चल रही श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए भगवती नगर यात्री निवास से अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय जत्था पवित्र गुफा के दर्शन के लिए रवाना हुआ। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 9,837 श्रद्धालुओं का सातवां जत्था 361 वाहनों के काफिले के साथ कश्मीर के पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना किया गया। प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुचारु बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। जानकारी के अनुसार, पारंपरिक पहलगाम मार्ग से 188 वाहनों में 5,337 श्रद्धालुओं को भेजा गया, जबकि छोटे बालटाल मार्ग से 173 वाहनों में 4,500 श्रद्धालु रवाना हुए। इस जत्थे में 6,684 पुरुष, 2,730 महिलाएं, 21 बच्चे, 320 साधु, 80 साध्वियां तथा दो ट्रांसजेंडर श्रद्धालु शामिल हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से भगवती नगर यात्री निवास परिसर में सुबह से ही धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिला। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं में बाबा बर्फानी के पवित्र दर्शन को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। यात्रा पर निकलने से पहले श्रद्धालुओं ने सुरक्षा जांच और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात प्रबंधन, भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। यात्रा मार्ग पर पुलिस, केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी लगातार तैनात हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके। उल्लेखनीय है कि 57 दिनों तक चलने वाली श्री अमरनाथ जी यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई है।



# ईरान का डर: कतर का जेट छोड़ पुराने एयरफोर्स वन से भागे ट्रंप

## ईरान के खौफ से ट्रंप ने बीच रास्ते में बदला विमान?

**अंकारा,एजेंसी।**

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक अप्रत्याशित घटनाक्रम सामने आया है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तुर्की के अंकारा में नाटो शिखर सम्मेलन से वापसी के दौरान अपने विमान को बीच रास्ते में ही बदल लिया। उन्होंने कतर द्वारा उपहार में मिले नए बोइंग 747-8 जेट को छोड़कर अपने पुराने एयरफोर्स वन से उड़ान भरी। ब्रिटेन के आरएएफ मिल्डेनहॉल में एक संक्षिप्त ठहराव के बाद विमान बदलने के इस फैसले ने राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े किए। एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य संघर्ष के बाद, यूएस सीक्रेट सर्विस ने राष्ट्रपति ट्रंप को विमान बदलने की सलाह दी थी। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम किसी विशेष खतरे की प्रतिक्रिया के बजाय, एहतियात के तौर पर उठाया गया था, क्योंकि कतर से मिले नए विमान में अभी तक वे सभी उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ स्थापित नहीं की गई थीं जो मौजूदा एयरफोर्स वन बेड़े में मौजूद हैं।




हालांकि, व्हाइट हाउस ने इन दावों को पूरी तरह से खारिज किया कि नया विमान असुरक्षित है। व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने स्पष्ट किया कि नया जेट उच्च-स्तरीय सुरक्षा प्रोटोकॉल से लैस है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए ध्यान भटकाने और गुमराह करने समेत अपने हर उपलब्ध उपकरण का इस्तेमाल करता है। खुद ट्रंप ने भी विमान बदलने के पीछे सुरक्षा चिंताओं की बात को खारिज कर दिया। ब्रिटेन से रवाना होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, मुझ पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। मैं उनकी लिस्ट में नंबर वन हूं। ट्रंप ने बताया कि ब्रिटेन के आरएएफ मिल्डेनहॉल में रुकने का असली मकसद वहां तैनात अमेरिकी सैन्यकर्मियों को नया विमान दिखाना था। उन्होंने नए विमान को बिल्कुल नया और शानदार बताते हुए सैन्यकर्मियों के साथ इसकी तस्वीरें भी साझा कीं और कहा कि वे लोग इसे देखकर काफी उत्साहित थे। पुरानी एयरफोर्स वन से सफर करने के पीछे ट्रंप ने कहा कि उन्होंने पुरानी यादों को ताजा करने के लिए ऐसा किया है। इस यात्रा के दौरान, पुरानी एयरफोर्स वन में सफर कर रहे पत्रकारों को फ्लाइट में खिड़कियों के ब्लाइंड्स (पर्दे) बंद रखने का सख्त निर्देश दिया गया था। ट्रंप ने बताया कि यह पाबंदी उनके निजी कंपार्टमेंट पर लागू नहीं थी। उन्होंने ईरान की ओर स्पष्ट रूप से इशारा करते हुए कहा कि शायद ऐसा यहां मौजूद स्लीजबैग्स की वजह से किया गया हो। विमान बदलने का यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब ईरान और अमेरिका के बीच सैन्य संघर्ष तेज हो गया है। अमेरिका ने तेहरान पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में वाणिज्यिक जहाजों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए ईरानी ठिकानों पर नए सिरे से हवाई हमले किए हैं।

# जयशंकर का खाड़ी दौरा: विशाल भारतीय समुदाय के कल्याण को सुनिश्चित करना उद्देश्य

**(रिपोर्ट. शाश्वत तिवारी)**

कुवैत सिटी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 5 से 10 जुलाई तक खाड़ी देशों के अपने रणनीतिक और सघन दौरे के तहत कुवैत की महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा की। इससे पहले उन्होंने बहरीन का सफल दौरा किया था। इस व्यापक पश्चिम एशिया कूटनीतिक मिशन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा, द्विपक्षीय व्यापार और वहां रह रहे विशाल भारतीय समुदाय के कल्याण को सुनिश्चित करना है।विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा विदेश मंत्री ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह और प्रधानमंत्री शेख अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबाह से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने रक्षा मंत्री शेख अब्दुल्ला अली अब्दुल्ला अल-सलेम अल-सबाह और विदेश मंत्री शेख जर्राह जाबेर अल-अहमद अल-सबाह के साथ बैठकें कीं। इन चर्चाओं से भारत-कुवैत रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करने और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिला।डॉ. जयशंकर ने कुवैत में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत की और भारत-कुवैत के बहुआयामी संबंधों को और गहरा करने में उनके निरंतर योगदान की सराहना की।इससे पहले बहरीन की यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री ने क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस सलमान बिन हमद अल खलीफा की उपस्थिति में किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा से मुलाकात की। उन्होंने उप प्रधानमंत्री शेख खालिद बिन अब्दुल्ला अल खलीफा से भी अलग से मुलाकात की। इन बैठकों के दौरान, विदेश मंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और बहरीन के साथ लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के भारत के संकल्प को दोहराया।मंत्रालय ने एक अन्य बयान में बताया विदेश मंत्री ने बहरीन के अपने समकक्ष डॉ. अब्दुल्लतीफ बिन राशिद अल ज़यानी के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। दोनों मंत्रियों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया उन्होंने भारत-बहरीन द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने 2026 से 2027 तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के तौर पर बहरीन की भूमिका के लिए उन्हें बधाई दी।डॉ. जयशंकर का यह 6 दिवसीय दौरा (कतर, बहरीन, कुवैत और आगामी यात्रा के तहत ओमान) तेजी से बदलती वैश्विक और पश्चिम एशियाई राजनीति के बीच नई दिल्ली की सक्रिय कूटनीति का प्रमाण है। कतर में ऊर्जा सुरक्षा, बहरीन में व्यापार व शिपिंग लेन की सुरक्षा, कुवैत में खाद्य सुरक्षा और प्रवासियों का कल्याण, तथा ओमान में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को अंतिम रूप देना इस पूरे दौरे का केंद्रीय स्तंभ है। इस यात्रा ने यह साफ कर दिया है कि खाड़ी क्षेत्र न केवल भारत की ऊर्जा जरूरतों बल्कि आर्थिक और रणनीतिक हितों के लिए भी सर्वोपरि है।



# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भाई नाना पटवारी गिरफ्तार

**इन्दौर एजेंसी।**

एक सनसनीखेज घटनाक्रम के चलते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने नाना पटवारी को सनसाईन फॉर्म हाउस से पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नाना पटवारी को ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने यह कार्रवाई कर देर रात पकड़ाएं दो ड्रग्स पैडलरों की गिरफ्तारी के बाद उनसे की गई पूछताछ के आधार पर की। पूछताछ के दौरान नाना पटवारी का नाम सामने आया जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। वहीं यह बात भी सामने आई है कि नाना ने भी आरोपितों को जानने की बात स्वीकार की है। जिसके बाद पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उनसे नाना का संबंध केवल परिचय तक सीमित था या ड्रग्स नेटवर्क से कोई अन्य कड़ी भी जुड़ी हुई है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। जांच जारी है और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटनाक्रम के सामने आने के बाद प्रदेश की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी पर पहले भी कई केस गंभीर धाराओं में दर्ज हैं। नवंबर 2018 में एक केस उन पर महिला संबंधी अपराध में धारा 354 (क) में दर्ज हुआ था। जिसमें महिला ने नाना पर आरोप लगाए थे कि नाना के साथ क्रुणाल पटवारी, चेतन, सुदील चौधरी, चेतन पटवारी, गब्बू पटवारी व अन्य कार, बाइक से मेरे घर के अंदर घुस आए थे। नाना के हाथ में पिस्टल थी, बाकी के हाथ में चाकू और तलवार थी। नाना पटवारी ने मेरा हाथ बुरी नीयत से पकड़ा था। वहीं नाना पर 2018 विधानसभा चुनाव में पोलिंग वाले दिन यूवा मोर्चा के पूर्व नगर उपाध्यक्ष अंकित परमार के घर पर हमला करने के आरोप भी लगे थे। फिलहाल पुलिस नाना से गहन पूछताछ कर रही है।

# देश में हर दिन औसतन 13 स्कूल बंद, मध्य प्रदेश में सबसे अधिक असर

### यूडाइस प्लस की रिपोर्ट से हुए खुलासे से शिक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**नई दिल्ली,,एजेंसी।**

देश में स्कूलों की संख्या लगातार घट रही है। शिक्षा मंत्रालय की यूडाइस प्लस (यूडीआईएसई+) 2025-26 रिपोर्ट के अनुसार बीते एक वर्ष में देशभर में 4,791 स्कूल बंद हो गए, यानी औसतन हर दिन 13 स्कूलों का संचालन बंद हो गया। वर्ष 2024-25 में देश में कुल 14,71,473 स्कूल थे, जो 2025-26 में घटकर 14,66,682 रह गए।




# मणिपुर में नगा-कुकी संघर्ष ने बढ़ाई चिंता, पांच माह में 25 की मौत

## असम राइफल्स पर हमले में शहीद जवानों को राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित

**इम्फाल,एजेंसी।**

मणिपुर में मई 2023 से जारी मैतेई-कुकी जातीय हिंसा के बीच अब नगा और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। राज्य के उखरुल और आसपास के क्षेत्रों में इस वर्ष फरवरी से शुरू हुए ताजा संघर्ष में अब तक 25 लोगों की जान जा चुकी है। हाल के महीनों में हिंसा की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे राज्य में शांति बहाली की कोशिशों को झटका लगा है।इस तनाव का असर सुरक्षा बलों पर भी पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को भारत-म्यांमार सीमा की निगरानी कर रहे असम राइफल्स के एक काफिले पर हमला किया गया, जिसमें उत्तराखंड के दो जवान शहीद हो गए। गुरुवार को इंफाल हवाई अड्डे पर दोनों शहीदों को पूरे राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। इसके बाद दोनों जवानों के पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक गांव भेज दिए गए। नगा समुदाय ने असम राइफल्स पर भारत-म्यांमार की लगभग 398 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की प्रभावी निगरानी नहीं कर पाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सीमा पार से सक्रिय सशस्त्र संगठन 'कुकी नेशनल आर्मी (बर्मा)' के सदस्य म्यांमार से भारतीय सीमा में प्रवेश कर नगा बहुल गांवों पर हमले कर रहे हैं। नगा संगठनों का आरोप है कि सुरक्षा बलों का रवैया कुकी समुदाय के प्रति अपेक्षाकृत नरम रहा है, जिससे सीमा पार गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। नगा समुदाय में नाराजगी उस समय और बढ़ गई जब 10 जून को छह अगवा किए गए नगा लोगों के क्षत-विक्षत शव बरामद हुए। इसके अलावा कामजोंग जिले में नगा गांवों में आगजनी की घटनाओं ने तनाव को और गहरा कर दिया। इन घटनाओं के बाद दोनों समुदायों के बीच अविश्वास बढ़ा है और स्थानीय स्तर पर स्थिति लगातार संवेदनशील बनी हुई है। सुरक्षा एजेंसियां प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात कर हालात पर नजर रखे हुए हैं। प्रशासन ने हिंसा पर नियंत्रण और दोनों समुदायों के बीच तनाव कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है, जबकि सीमा क्षेत्रों में निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है।



### तेज रफ्तार कार लॉरी से टकराई, 7 की मौत, दो गंभीर रुप से घायल

# कार में नौ लोग सवार थे वे सभी चिकमगलूर की यात्रा पर जा रहे थे

**बेंगलुरु,एजेंसी।**

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में गुरुवार तड़के एक कार और लॉरी की आमने-सामने की टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह हादसा एनएच-52 पर अराबैल घाट इलाके में बालागारा क्रॉस के पास रात करीब 1.30 बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि घायलों को पहले पास के अस्पताल ले जाया गया और बाद में हुबली रेफर कर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस के मुताबिक एमयूवी में ड्राइवर समेत नौ लोग सवार थे और वे धारवाड़ से धर्मस्थल और चिकमगलूर की यात्रा पर जा रहे थे। जानकारी से पता चला है कि गाड़ी का ड्राइवर एक फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के साथ पार्ट-टाइम डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम करता था। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर संजीव तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। वह सड़क के एकदम दाईं ओर चला गया और अंकोला की ओर से आ रही लॉरी से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मरने वाले सभी लोग धारवाड़ के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान ड्राइवर संजय अंगड़ी (33), बसवराज (48), अभिषेक ईश्वर (28), अक्षय (26), अभिषेक (26) और मंजूनाथ चुलाकी (32) में हुई है।घायल युवक शिवराज की शिकायत के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही येल्लापुर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।



# साहित्यकार अनुश्री और जेठानंद को धींग पुरस्कार, बंबोरा के यशवंत और शंकरलाल जैन दिवाकर पदक से सम्मानित




**उदयपुर (खबर आस पास)।** साहित्यिक संस्था युगधारा के तत्वावधान में विज्ञान समिति, उदयपुर में मंगलवार को आयोजित समारोह में बंबोरा के पत्रकार यशवंत सालवी और शंकरलाल पटेल को जैन दिवाकर रजत पदक से सम्मानित किया गया। उदयपुर नगर विधायक ताराचंद जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. कुंदनलाल कोठारी ने अध्यक्षता की। सुखाड़िया विवि में राजस्थानी भाषा विभाग के प्रमुख डॉ. सुरेश सालवी विशिष्ट अतिथि थे। सालवी और पटेल को ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए अतिथियों ने पदक के साथ शॉल, मुक्ताहार, मेवाड़ी पाग, श्रीफल, स्मृति चिह्न, पुस्तक और कलम से सम्मानित किया। रेखा जारोली ने पटेल का और संयोजक डॉ. दिलीप धींग ने सालवी का परिचय दिया। डॉ. धींग ने ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारिता को विशेष महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर बंबोरा के धींग परिवार के सौजन्य से दो साहित्यकारों डॉ. अनुश्री राठौड़ को कन्हैयालाल धींग राजस्थानी पुरस्कार व जेठानन्द पंवार को श्राविकारत्न उमरावदेवी धींग साहित्योदय पुरस्कार प्रदान किया गया। अनुश्री ने इस पुरस्कार को उनके लिए नवजीवन देने वाला बताया। जेठानंद ने राजस्थानी भाषा में कहा कि इस पुरस्कार के साथ उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ वीणा को माल्यार्पण, रेणु सिरोया द्वारा सरस्वती वंदना व युगधारा संस्था गीत के साथ हुआ। युगधारा अध्यक्ष प्रकाश तातेड़ ने स्वागत भाषण दिया। युगधारा के संस्थापक डॉ ज्योतिपुंज ने दोनों पत्रकारों व साहित्यकारों को शुभकामनाएं प्रेषित की। समारोह में उपस्थिति सभी मंचासीन अतिथियों का भी सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि ताराचंद जैन ने कन्हैयालाल धींग से जुड़ा संस्मरण सुनाया और कहा कि साहित्यकार और पत्रकार समाज को जगाते हैं। अध्यक्ष डॉ. कोठारी ने डॉ. दिलीप धींग पर लिखी कविता सुनाई। विशिष्ट अतिथि सालवी ने मायड़ भाषा का महत्व बताया।

समारोह में रोड़ीलाल धींग, नंदनी शर्मा, डॉ. मीना बया, सुरेशचंद्र धींग, डॉ. मदन कोठारी, हंसा जारोली, एडवोकेट अतुल शाह धींग, मदन कोठारी, गिरीश मेहता, बालकृष्ण त्रिपाठी, मनोहर डेम्बला, विनोद उपाध्याय, श्रीरत्न मोहता, तरुण दाधीच, संजय गुप्ता देवेश, पूनम भू, डॉ सिम्मी सिंह, डॉ. विमल शर्मा, कुसुम भारद्वाज, सुभाष बया, पंचम मेहता, दीपा पंत शीतल, डॉ घनश्याम आर्य, राजेंद्र डागा, बिलाल पठान, श्याम मठपाल सहित समाज, साहित्य और शिक्षा जगत के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ शीतल श्रीमाली द्वारा किया गया। धन्यवाद किरण बाला किरण द्वारा ज्ञापित किया गया।

# डाक सेवा उत्तर उपमंडल की लूणकरणसर में समीक्षा बैठक आयोजित



**बीकानेर, (खबर आस पास)।** उत्तर उपमंडल, अधीक्षक डाकघर, बीकानेर मंडल, रामवतार सोनी की अध्यक्षता में लूणकरणसर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में जामसर, कालू, लूणकरणसर एवं महाजन उपडाकघरों के ग्रामीण डाक सेवकों (GDS) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही जुलाई माह में संचालित डाक जीवन बीमा करोड़पति अभियान, श्वष्टक्र के अनुसार शाखा डाकघरों की लाभप्रदता तथा अन्य विभागीय विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए अधीक्षक डाकघर रामवतार सोनी ने कहा कि बीकानेर मंडल ने जनवरी माह में रु.1 करोड़ 87 लाख का डाक जीवन बीमा प्रीमियम अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया था। उन्होंने सभी जीडीएस कर्मियों का आह्वान किया कि जुलाई माह के करोड़पति अभियान में सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए इस उपलब्धि को भी पीछे छोड़कर नया इतिहास रचें।

बैठक के दौरान अधीक्षक डाकघर ने उपस्थित जीडीएस कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया। उन्होंने शाखा डाकघरों की आय बढ़ाने, लाभप्रदता सुनिश्चित करने तथा विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

बैठक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, वहीं कार्य के प्रति उदासीनता बरतने वाले कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी गई। साथ ही सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुँचाना सुनिश्चित करें।

बैठक के अंत में सभी जीडीएस कर्मियों ने आगामी अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने, डाक जीवन बीमा व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि करने तथा अपने-अपने शाखा डाकघरों को लाभप्रद बनाने हेतु पूर्ण समर्पण एवं निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# डिजिटल दौर की चुनौतियों से निपटने को तैयार होगा चुनावी संचार तंत्र

## 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मीडिया अधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

### फेक न्यूज पर प्रहार, पारदर्शी चुनावी संवाद को लेकर निर्वाचन आयोग का बड़ा संदेश

### निर्वाचन आयोग ने मीडिया अधिकारियों को दिए प्रभावी चुनावी संवाद के गुर

**बीकानेर श्रेयांस बैद,(खबर आस पास)।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मीडिया एवं संचार तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मीडिया एवं संचार अधिकारियों का तीसरा एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलनबुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान मेंआयोजित किया गया। सम्मेलन में देश के 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से करीब 200 मीडिया नोडल अधिकारी, सोशल मीडिया नोडल अधिकारी, जिला मीडिया नोडल अधिकारी, जिला जनसम्पर्क अधिकारी तथा राज्य जनसम्पर्क विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।उदयपुर से उपनिदेशक जनसंपर्क गौरीकान्त शर्मा ने भी सम्मेलन में सहभागिता निभाई।

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने दिया स्पष्ट संदेश

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग की प्रत्येक कार्रवाई संविधान, चुनावी कानूनों और आयोग के लिखित निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाती है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही झूठी और भ्रामक सूचनाओं के प्रति अधिकारियों को सतर्क रहने और उनके प्रभावी खंडन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारतीय मतदाताओं के लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया पर गहरे विश्वास का प्रमाण है।

### डिजिटल चुनौतियों पर विशेष फोकस

चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डीपफेक और भ्रामक सामग्री लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को प्रभावित करने की चुनौती बनकर उभर रही है। उन्होंने अधिकारियों से आयोग के नियमों, दिशा-निर्देशों और स्थापित प्रक्रियाओं के अनुरूप इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने का आह्वान किया।उन्होंने एआई और डीपफेक से उत्पन्न चुनौतियों पर विस्तृतचर्चा करते हुए भ्रामक एवं दुर्भावनापूर्ण सामग्री से निपटने की रणनीतिसाझा की। साथ ही आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप त्वरित और तथ्यात्मक संवाद पर बल दिया।

### इन विषयों पर भी दिया प्रशिक्षण

सम्मेलन में चुनाव चक्र के विभिन्न चरणों, मतदाता सूची तैयार करने से लेकर मतदान एवं मतगणना तक की संचार रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिभागियों को ईसीआईएनईटी, संवैधानिक प्रावधानों, मीडिया संबंधी कानूनों, प्रेस नोट तैयार करने, मीडिया एवं सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, मिथकों एवं फेक न्यूज के खंडन तथा निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित कर मतदाता सूची निर्माण, मतदान और मतगणना प्रक्रिया का प्रदर्शन कराया गया। इसके बाद प्रदर्शनी एवं मीडिया कॉर्नर का भ्रमण कराया गया तथा आयोग के अधिकारियों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधानकिया गया।

# पीएम कुसुम, सूर्य घर योजना और दिवस कालीन विद्युत आपूर्ति की प्रगति की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

## मार्च 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने सहित अन्य योजनाओं के तय समय में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**(खबर आस पास)**
**बीकानेर/जयपुर श्रेयांस बैद।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को ऊर्जा विभाग एवं राज्य की तीनों बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग की विभिन्न प्रमुख योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं का निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री कुसुम (पीएम-कुसुम) योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, यूटिलिटी लेड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। पीएम-कुसुम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

मुख्य सचिव ने पीएम-कुसुम योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निरीक्षण सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों को समय पर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

यूएलए मॉडल की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य में रूफटॉप सोलर स्थापना के कार्यों में और अधिक गति लाई जा सके।

बैठक में किसानों को मार्च 2027 तक प्रदेशभर में दिवस कालीन विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की कार्ययोजना की भी समीक्षा की गई। वर्तमान में राज्य के 26 जिलों में किसानों को दिन के समय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जा रही है तथा शेष जिलों में भी लक्ष्य के अनुरूप कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।

बैठक में दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्थान सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर रोहित कुमार शामिल हुए। वहीं बैठक में ऊर्जा सचिव एवं डिस्कॉम्स की अध्यक्ष सुश्री आरती डोगरा, जयपुर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) आर. के. शर्मा, जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक भंवर लाल, जोधपुर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) वी. के. छंगाणी, अजमेर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) सहित विभाग एवं तीनों डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु एवं ग्रुप-'Y' मेडिकल असिस्टेंट पदों पर भर्ती, 26 जुलाई तक करें आवेदन

**बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)।** भारतीय वायु सेना (IAF) ने अग्निवीर वायु एवं ग्रुप-'Y' मेडिकल असिस्टेंट पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 26 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 एवं 23 सितंबर 2026 को ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा।

वायुसेनिक चयन केंद्र, जोधपुर की कमान अधिकारी विंग कमांडर नैन्सी माहेश्वरी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अग्निवीर वायु पदों के लिए महिला एवं पुरुष दोनों अभ्यर्थी आवेदन के पात्र हैं। वहीं ग्रुप-'ड्ढ' मेडिकल असिस्टेंट पद केवल पुरुष भारतीय एवं गोरखा (नेपाल) नागरिकों के लिए निर्धारित हैं।

अग्निवीर वायु पद के लिए अभ्यर्थी की आयु 16.5 से 21 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अभ्यर्थी का 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा अथवा दो वर्षीय व्यावसायिक (वोकेशनल) पाठ्यक्रम वाले अभ्यर्थी भी पात्र होंगे। यह भर्ती चार वर्ष की अवधि के लिए होगी।

ग्रुप-'Y' मेडिकल असिस्टेंट पद के लिए 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं अंग्रेजी) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 16 से 20 वर्ष तथा डिप्लोमा/बी.फार्मा/बी.एससी. फार्मेसी धारकों के लिए 18 से 23 वर्ष निर्धारित की गई है। इन अभ्यर्थियों के लिए भी न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित होगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन लिखित परीक्षा होगी। द्वितीय चरण में दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा (DV एवं PFT) आयोजित की जाएगी, जिसमें 1.6 किलोमीटर दौड़, पुश-अप, सिट-अप एवं स्क्वैट्स जैसी शारीरिक परीक्षाएं शामिल होंगी। तृतीय चरण में विस्तृत मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। आवेदन शुल्क 550 रुपये निर्धारित किया गया है। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। साथ ही निर्धारित मानकों के अनुसार नवीनतम फोटो अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन एवं विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी भारतीय वायु सेना की आधिकारिक भर्ती वेबसाइट httpsÑ//iafrecruitment.edcil.co.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 26 जुलाई 2026 है।

# युवाओं के खेल भविष्य को नई दिशा देगा 'मिशन प्ले टू प्रोफेशन - खेल से करियर तक'

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** युवाओं और खिलाड़ियों को खेलों के क्षेत्र में उपलब्ध असीमित अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा एक महत्वाकांक्षी एवं राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 'मिशन प्ले टू प्रोफेशन - खेल से करियर तक' आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम खेल प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन, विशेषज्ञों से संवाद और खेलों में करियर निर्माण की संपूर्ण जानकारी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगा।

संस्था की निदेशक निशा लिम्बा ने बताया कि आज भी अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी केवल सही जानकारी और मार्गदर्शन के अभाव में अपने सपनों को साकार नहीं कर पाते। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम तैयार किया गया है, जहाँ खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षकों को खेलों से जुड़े हर महत्वपूर्ण क्षेत्र की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम में ओलंपियन, पैरालंपियन, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कोच, खेल विभाग के अधिकारी, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (स्न्ढ्ढ) के विशेषज्ञ, खेल वैज्ञानिक, खेल मनोवैज्ञानिक, खेल पोषण विशेषज्ञ, विश्वविद्यालयों के खेल निदेशक तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अपने अनुभव साझा करेंगे और प्रतिभागियों को खेलों में उपलब्ध करियर, स्पोर्ट्स कोटा, छात्रवृत्तियों, उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं, स्पोर्ट्स साइंस, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एवं अन्य उभरते अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन इससे पूर्व 'रिश्तों की राह - दो कदम अपनों के संग' जैसे सफल फैमिली वॉकाथॉन तथा 'नशा मुक्त भारत अभियान' जैसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर चुका है। इन अभियानों में हजारों लोगों की भागीदारी रही और समाज से व्यापक सराहना प्राप्त हुई। इन्हीं सफल प्रयासों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अब 'मिशन प्ले टू प्रोफेशन - खेल से करियर तक' के माध्यम से युवाओं को खेलों में उपलब्ध संभावनाओं से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में 1000 से अधिक विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं शारीरिक शिक्षकों की सहभागिता प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तिथि, स्थान एवं विशिष्ट अतिथियों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

संस्था का मानना है कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। इसी सोच के साथ यह कार्यक्रम युवाओं के लिए एक नई दिशा और नए अवसरों का द्वार खोलेगा।

**'हर खिलाड़ी को दिशा - हर युवा को अवसर**

# रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र में पुरानी तथा गहरी पानी की पाइप लाइनों को बदलवाने की उठी मांग

## जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने विधायक जेठानंद व्यास को सौंपा पत्र



**(खबर आस पास)**
**बीकानेर (मुकेश रामावत):** जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने विधायक जेठानंद व्यास से मिलकर रानीड्डबाजार औद्योगिक क्षेत्र की पुरानी तथा गहरी पानी की पाइप लाइनों को बदलवाने तथा पानी एक और अतिरिक्त टंकी बनवाने हेतु राज्य सरकार से अनुशंसा हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र में जल वितरण पाइप लाइन पिछले 20 से 25 साल पहले बिछाई गयी थी, जो कि समय समय पर सडक का लेवल बढ़ने के कारण 8 से 10 फीट गहराई पर हो गयी है। इसी प्रकार पुरानी पाइप लाइन समय समय पर टूटने के कारण लीकेज एवं सप्लाई में गंदा पानी आने की भी समस्या रहती है। रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 200 औद्योगिक इकाइयां कार्यरत है, जिसमें तकरीबन 10 हजार श्रमिक व उनके परिवार रहते हैं, जिनको पाइप लाइनें पुरानी व् क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण कई बार पीने का साफ़ पानी भी मुश्किल से उपलब्ध हो पाता है। वर्तमान में यह क्षेत्र शहरी आबादी के पास आने लगा है तथा इसके आसपास अनेक ऐसी कोलोनियाँ बस गयी है फिर भी इस क्षेत्र में पिछले 20 से 25 वर्षो से कोई पानी की नयी टंकी स्वच्छ जलाशय तथा पम्प हाऊस का कार्य नहीं हुआ है। इस कारण यहाँ प्रेशर की समस्या के साथ साथ पानी की सप्लाई भी पर्याप्त नहीं हो पाती है। वर्तमान में रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र में सड़क एवं सीवरेज सुधार हेतु रीको द्वारा 17 करोड़ रूपये फंड स्वीकृति हेतु मुख्यालय भिजवाया गया है। रीको द्वारा सड़क एवं सीवरेज का कार्य शुरू करवाने से पूर्व नयी पाइप लाइनें डलवानी भी आवश्यक है ताकि बाद में सड़क आदि की तोड़फोड़ ना करनी पड़े। इस पर विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि शीघ्र ही सम्बन्धित विन्हाग के मंत्री से मुलाक़ात कर इस समस्या का हल निकालने का पूरा प्रयास किया जाएगा।